इसी छोटी पुलिया पर बड़ा कार हादसा ... नहीं होने से हुआ था हादसा ... ठीक करवाया जा रहा है।

पीजी कॉलेज में आईस्टार्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत मेन्टर्स प्रशिक्षण आयोजित

राजमार्ग संवाददाता

बूंदी, 2 मार्च। पीजी कॉलेज के इन्क्यूबेशन सेल के तहत युवाओं में स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रोत्साहन हेतु सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार तकनीकी विभाग द्वारा आईस्टार्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य, डॉ. सतीश सारस्वत ने सभी संकाय सदस्यों एवं मेन्टर्स को आवंटित कक्षा व वर्ग के विद्यार्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होने मेन्टर्स को पंजीकृत कराने की बात कही। आईस्टार्ट टीम डीओआईटी सीनियर कन्सलटेंट सौम्य रंजन पाण्डा ने सभी शिक्षकों को आईस्टार्ट कार्यक्रम की जानकारी दी।

समन्वयक एवं मेन्टर डॉ. दिलीप कुमार राठौड़ ने सभी संकाय सदस्यों एवं मेन्टर्स के सामने आईस्टार्ट कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समन्वयक एवं मेन्टर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने मेन्टर्स व शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के स्कूल स्टार्टअप कार्यक्रम पर ऑनलाईन पंजीयन करने की प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षण दिया।

रामेश्वर मीणा